DATE :- 30-03-2026
RAJASTHAN PATRIKA, PAGE-03, SURAT

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 24 | अंक 167 | पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 | **सूरत, सोमवार, 30 मार्च, 2026** | चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी, संवत् 2083 | गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

राजस्थान पत्रिका

सूरत मेट्रो को रफ्तार : जल्द मिलेगी मेट्रो की सुविधा

ड्रीम सिटी-अलथाण तक 8.5 किमी वायाडक्ट तैयार, ट्रायल रन शुरू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सूरत. सूरत मेट्रो परियोजना में बड़ी प्रगति दर्ज की गई है। ड्रीम सिटी से अलथाण टेनामेंट स्टेशन के बीच 8.5 किलोमीटर लंबे वायाडक्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही इस हिस्से पर मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन भी शुरू कर दिया गया है।

केंद्र सरकार के विकसित भारत विजन के तहत देश के शहरों में तेजी से मेट्रो सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार की ओर से सूरत में ड्रीम सिटी से सरथाणा और भेसाण से सारोली यह दो कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। दोनों ही कॉरिडोर पर तेजी से कार्य आगे बढ़ रहा है। परियोजना के तहत ड्रीम सिटी से सरथाणा रूट पर ट्रैक बिछाने और ट्रैक्शन पावर के लिए थर्ड रेल का काम भी पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा कुल सात मेट्रो स्टेशनों के भवनों का स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है, जबकि एंट्री-एग्जिट और फिनिशिंग कार्यों में भी तेजी से प्रगति हो रही है।

500 घंटे तक किया जाएगा ट्रायल रन

मेट्रो संचालन से पहले करीब 500 घंटे तक ट्रायल रन किया जाएगा, जिसमें ट्रेन की कार्यक्षमता और सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। इसके बाद आरडीएसओ और सीएमआरएस द्वारा भी निरीक्षण किया जाएगा। यह प्रक्रिया रविवार से शुरू हो चुकी है, जिससे उम्मीद है कि आने वाले समय में सूरतवासियों को मेट्रो की सुविधा जल्द मिल सकेगी।